भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3127

जिसका उत्तर गुरूवार, 07 अगस्त, 2014 को दिया जाना है

अधिक हार्स पावर ट्रैक्टरों की मांग

3127. डा. प्रदीप कुमार बालमुचू:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में अधिक हार्स पावर के ट्रैक्टरों की भारी मांग है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में कितने हार्स पावर के ट्रैक्टरों का उत्पादन किया जा रहा है और इनकी वास्तविक मांग क्या है; और

(ग) देश में अधिक हार्स पावर के ट्रैक्टरों की मांग को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क): 'अधिक हॉर्स पावर ट्रैक्टर' शब्द अनेकार्थी है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में, 50 हॉर्स पावर से अधिक शक्ति के ट्रैक्टर अधिक हॉर्स पावर वाले ट्रैक्टर माने जाते हैं। इस सेगमेंट में, पिछले 5 वित्त वर्ष के दौरान, ट्रैक्टरों की घरेलू बिक्री की संख्या 2008-09 में 29053 थी, जो बढ़कर 2011-12 में 67134 हो गई जबकि 2013-14 में यह संख्या गिरकर 31228 रह गई। 2013-14 में कमी का कारण ट्रैक्टरों की कीमतों में बढ़ोतरी है, जो नए उत्सर्जन मानकों के आने की वजह से हुई, जिनसे 50 हॉर्स पावर से ऊपर के इंजन प्रभावित हुए। कुल उद्योग में 50 हॉर्स पावर से ऊपर के ट्रैक्टरों की प्रतिशतता पिछले वर्षों में लगभग 10% थी और 2013-14 में गिरकर यह लभगभ 5% रह गई है।

(ख): पिछले 5 वर्षों में हुए उत्पादन और बिक्री के आंकड़े संलग्न हैं।

ट्रैक्टर उद्योग के पास हॉर्स पावर की सभी आवश्यकताएं पूरी करने की पर्याप्त क्षमता है। ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (टीएमए) की सदस्य कंपनियां भी भविष्य के लिए अपनी क्षमताओं में वृद्धि करने की प्रक्रिया में हैं।

(ग): भारत सरकार ने कृषि और कृषि यंत्रीकरण को पहले से ही सुसाध्य बना दिया है। भारतीय ट्रैक्टर उद्योग के पास प्रौद्योगिकी और पर्याप्त सक्षमता है तथा वे संयुक्त राज्य अमरीका एवं यूरोप जैसे विकसित राष्ट्रों को निर्यात करते हैं।

भारतीय ट्रैक्टर उद्योग विश्व में सबसे बड़े ट्रैक्टर निर्यातकों में से एक है। हम 100 हॉर्स पावर तक के ट्रैक्टरों का निर्यात करते हैं। ये ट्रैक्टर, आवश्यकता के अनुसार, घरेलू बाजार के लिए भी उपलब्ध हैं।

******

ट्रैक्टर उद्योग

< 31 एचपी ट्रैक्टर्स				
		बिक्री		
वर्ष	उत्पादन	घरेलू	निर्यात	कुल
2008-09	51537	51214	1233	52447
2009-10	68648	68479	1309	69788
2010-11	74037	71612	3311	74923
2011-12	87636	82219	549	82768
2012-13	54531	54506	742	55248
2013-14	68503	70811	886	71697

31-40 एचपी ट्रैक्टर्स				
		बिक्री		
वर्ष	उत्पादन	घरेलू	निर्यात	कुल
2008-09	152110	152941	4530	157471
2009-10	197682	194495	7639	202134
2010-11	231488	219787	6766	226553
2011-12	270340	244431	6359	250790
2012-13	233697	233397	5558	238955
2013-14	232683	223302	4387	227689

41 - 50 एचपी ट्रैक्टर्स				
		बिक्री		
वर्ष	उत्पादन	घरेलू	निर्यात	कुल
2008-09	88065	71414	13496	84910
2009-10	105842	94193	11628	105821
2010-11	155558	131563	22470	154033
2011-12	175482	143102	25557	168659
2012-13	211126	199130	15734	214864
2013-14	324085	308810	13900	322710

50 + एचपी ट्रैक्टर्स				
		बिक्री		
वर्ष	उत्पादन	घरेलू	निर्यात	कुल
2008-09	47798	29053	18939	47992
2009-10	61035	45441	17046	62487
2010-11	87314	59294	30325	89619
2011-12	106438	67134	38307	105441
2012-13	79336	40735	41113	81848
2013-14	71530	31228	43504	74732

सभी एचपी - उद्योग				
		बिक्री		
वर्ष	उत्पादन	घरेलू	निर्यात	कुल
2008-09	339510	304622	38198	342820
2009-10	433207	402608	37622	440230
2010-11	548397	482256	62872	545128
2011-12	639896	536886	70772	607658
2012-13	578690	527768	63147	590915
2013-14	696801	634151	62677	696828